# श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

बी-4 कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016

क्रमांक: एफ-4/ला.ब.शा.रा.सं.वि./2020-21/1857 दिनांक 11.12.2020

## सूचना

## परीक्षा सम्बन्धित दिशा-निर्देश

दिनांक 26.11.2020 को संकायप्रमुखों एवं अधिकारियों की बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार शास्त्री, आचार्य, बी.ए. योग, एम.ए. योग, शिक्षाशास्त्री, शिक्षाचार्य एवं विशिष्टाचार्य (द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठ सत्र) की पुन: परीक्षा का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से कराने का निर्णय लिया गया है। पुन: परीक्षा के लिए प्रविष्ट छात्रों की आनलाइन (व्हाट्सप) माध्यम से परीक्षा आयोजित करने के संदर्भ में परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों हेतु दिशानिर्देश निम्न प्रकार से हैं-

1. संकायप्रमुखों एवं अधिकारियों द्वारा छात्रों के स्वास्थ्य हित को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय द्वारा पुन: परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी छात्र/छात्राओं की परीक्षाएँ आनलाइन माध्यम से आयोजित की जायेंगी।
2. उपर्युक्त पाठ्यक्रमों की पुन: परीक्षा के लिए योग्य सभी छात्रों की परीक्षाएँ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रेषित परीक्षा समय-सारिणी के अनुसार आयोजित की जायेंगी।
3. सभी परीक्षार्थियों द्वारा अपने विषयों की परीक्षा से पूर्व पैन, पैंसिल एवं लाइन वाले पृष्ठों (उत्तरपुस्तिका), मोबाइल फोन/लैपटाप/इंटरनेट आदि की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। **लाइन वाले पृष्ठों (उत्तरपुस्तिका) की उचित मात्रा में व्यवस्था स्वयं करें** ताकि प्रश्नपत्र में दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखने में पृष्ठों की कमी न हो ।
4. सभी परीक्षार्थियों को अपने पाठ्यक्रम के विषयानुसार प्रश्नपत्र परीक्षा प्रारम्भ होने से 10 मिनट पूर्व सम्बन्धित परीक्षक द्वारा परीक्षार्थियों के मोबाइल नम्बर पर व्हाट्सप माध्यम (Whatsapp Number) से प्रेषित किया जायेगा। किन्हीं भी कारणों से यदि परीक्षार्थी को प्रश्न पत्र प्राप्त नहीं हो पा रहा है तो वह तुरन्त परीक्षक के मोबाइल पर सूचित करें।
5. सभी परीक्षार्थी व्हाट्सप माध्यम से प्राप्त प्रश्नपत्र का उत्तर अपनी उत्तरपुस्तिका (लाइन वाले पृष्ठों) पर लिखने से पूर्व उत्तरपुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर निम्नलिखित प्रारूप में सम्बन्धित सूचना का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें।
   - परीक्षार्थी का नाम : ..................................................
   - पिता का नाम : ........................................................
   - अनुक्रमांक : ............................................................
   - दूरभाष संख्या : ........................................................
   - कक्षा : ..................................................................

- ➢ विषय: ..........................................................................
- ➢ पत्र संख्या : ..................................................................
- ➢ परीक्षा की तिथि एवं समय : .....................................
- ➢ परीक्षक का नाम : .....................................................

6. उपर्युक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्रों के मोबाइल नम्बर में यदि कोई परिवर्तन है तो तीन कार्य-दिवस के अन्दर परीक्षा विभाग में अपना मोबाइल नम्बर संशोधित करवा सकते हैं।
7. सभी परीक्षार्थी अपने पाठ्यक्रमों से सम्बन्धित विषयानुसार अपने प्रश्नपत्र व्हाट्सप द्वारा प्राप्त करने के पश्चात् उसमें दिये गये प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़े और समुचित उत्तर अपनी उत्तरपुस्तिका पर लिखें ।
8. परीक्षा की समय-अवधि तीन घण्टे प्रात: 10:00 से 01:00 बजे एवं अपराह्न 02.00 से 05.00 बजे तक होगी। सभी परीक्षार्थियों को निर्धारित समयावधि के उपरान्त अतिरिक्त 10 मिनट का समय दिया जाएगा जिसमें परीक्षार्थी अपनी हस्तलिखित उत्तरपुस्तिका को हस्ताक्षर कर व्हाट्सप के माध्यम **से सम्बन्धित परीक्षक के व्हाट्सप नम्बर पर 10 मिनट के भीतर अपलोड करना अनिवार्य होगा। विलम्ब से प्राप्त होने वाली उत्तरपुस्तिका को स्वीकार्य नहीं किया जायेगा।**

उपर्युक्त विवरण के अनुसार सम्बन्धित कक्षा की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले पुन: परीक्षार्थियों की जानकारी हेतु परीक्षा समय-सारिणी, कक्षानुसार **विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। सम्बन्धित परीक्षार्थियों से अनुरोध है कि वह अपनी सुविधानुसार सम्बन्धित समय-सारिणी का अवलोकन करने का कष्ट करें।**

संलग्नक:-

1. परीक्षा समय-सारिणी
2. सहायता सूचना दूरभाष नं. - 011/46060536-37

/

उपकुलसचिव (परीक्षा)

**प्रतिलिपि:-** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. समस्त संकायप्रमुख एवं विभागाध्यक्ष
2. निजी सचिव, कुलपति एवं कुलसचिव
3. सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपर्युक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें ।
4. शैक्षणिक विभाग
5. कार्यालय आदेश पंजिका
6. संबन्धित पंजिका

उपकुलसचिव (परीक्षा)